ed from special denatured spirit, special denatured spirit in the garb of thinner or thinner.

(b) The fixing of responsibility is being looked into by the Follow Up Committee on the Baweja Commission Report constituted by the Delhi Administration.

(c) A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-3684/72.]

स्वतन्त्रता सेनानियों को पेंशन की अदायगी

516. **श्री रामावतार शास्त्री :**
श्री शिव कुमार शास्त्री :

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन देने सम्बन्धी योजना के अन्तर्गत 3 अक्तूबर तक प्राप्त आवेदन पत्रों की कुल संख्या कितनी है और उसका राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक कुल कितने स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन दी गई हैं और उनकी राज्यवार संख्या कितनी है;

(ग) पेंशन की स्वीकृति में हो रहे विलम्ब के क्या कारण हैं और विलम्ब को दूर करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार है; और

(घ) सरकार सभी आवेदन पत्रों पर कब तक निर्णय कर लेगी ?

गृह मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) और (ख). 31-10-72 तक स्वतंत्रता सेनानियों से प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या तथा जिनको योजना के अधीन राज्यवार पेंशन स्वीकृत की गई है, का एक विवरण संलग्न है।

(ग) और (घ). अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या मूल अनुमान से कहीं अधिक रही है। कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं ताकि 14 अगस्त, 1973 तक अधिकांश आवेदन पत्रों पर कार्यवाही हो जाय।

विवरण

क्रम संख्या	राज्य	प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या	अनुमोदित स्वीकृतियों की संख्या
1.	असम	1,700	140
2.	बिहार	11,195	127
3.	गुजरात	3,600	387
4.	हरियाणा	3,209	103
5.	मध्य प्रदेश	3,837	310
6.	महाराष्ट्र	11,328	730
7.	उड़ीसा	2,475	289
8.	राजस्थान	592	99
9.	दिल्ली	1,455	274
10	चण्डीगढ़	45	19
11.	उत्तर प्रदेश	16,796	382
12.	पश्चिम बंगाल	13,803	574
13.	पाण्डिचेरी	213	13
14.	मिजोराम	1	1
15.	गोवा	730	18
16.	मनीपुर	118	13
17.	पंजाब	8,067	112
18.	त्रिपुरा	708	83
19.	हिमाचल प्रदेश	440,	32
20.	जम्मू व कश्मीर	303	6
21.	मेघालय	12	—
22.	अन्डमान व नीकोबार द्वीप समूह	5	—
23.	अरुणाचल प्रदेश	—	—
24.	आन्ध्र प्रदेश	7,854	386
25.	केरल	3,283	284
26.	मैसूर	7,872	236
27.	तमिलनाडु	9,041	617
		1,08,682	5,235